निर्देश / कुमाऊं आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

अभिलेखों के रख-रखाव में बरतें पूर्ण सावधानी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। भू अभिलेखों, राजस्व अभिलेखों के रिकार्ड सहित पेंशनरों से संबंधित अभिलेखों के रख रखाव में पूर्ण सावधानी बरती जाए। यह निर्देश आयुक्त कुमाऊं मंडल चंद्रशेखर भट्ट ने मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय व जिला कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के निरीक्षण के दौरान दिये। उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में जाकर सर्वप्रथम कोषागार के डबल लॉक का निरीक्षण किया और सभी अभिलेखों का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया।

उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी को मौके पर निर्देश दिये कि सभी अभिलेखों का रख-रखाव सही ढंग से किया जाय और जो भी सामग्री निष्प्रोज्य हो गयी है, उसकी नीलामी 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित करें। कोषागार के निरीक्षण के बाद कुमाऊं आयुक्त ने तहसील परिसर के भू-अभिलेख, राजस्व अभिलेख कक्षों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने तहसीलदार सदर को निर्देश दिये कि स्टोर में जो भी सामान निष्प्रोज्य हो चुका है, उसे 15 दिन के भीतर नीलामी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने व उनके रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई एवं रंग-रोगन आदि कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिये। कुमाऊं आयुक्त ने राजस्व अभिलेख, न्यायिक अभिलेख, रिकार्ड रूम, सीआरए सेक्शन का गहनता से निरीक्षण किया और वहां पर निष्प्रोज्य पड़े कम्प्यूटर, टाइप राइटर सहित अन्य बेकार पड़ी सामग्री वहां से हटाकर उसकी नीलामी की कार्यवाही करने को कहा।

अपर जिलाधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया और सभी अभिलेखों के रख-रखाव सही रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि वे समय-समय पर मालखाना का निरीक्षण स्वयं करे और निरीक्षण आख्या आयुक्त कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के पश्चात कुमाऊं आयुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सर्वोच्च न्यायालय व हाईकोर्ट के केसों का निपटारा समय पर करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने कोर्ट परिसर का निरीक्षण समय-समय पर स्वयं करे ताकि लंबित पड़े मामलों में तेजी लायी जा सके। कुमाऊं आयुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे गांवों का अधिक से अधिक भ्रमण करें ताकि आम लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हो सके और गांवों में ही रात्रि विश्राम करें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस के अवसर पर जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनका मौके पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें और लंबित पड़े मामलों का भी यथा समय निस्तारण करने का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के मामलों का निस्तारण समय सीमा के अंतर्गत करना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विभिन्न तहसीलों व जिला कार्यालय में जो भी चतुर्थ श्रेणी के पद स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त हैं, उनके लिये आउटसोर्सिंग के माध्यम से पद भरे जाने हेतु मांग की जाए, ताकि उन पर नियुक्ति हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी इवा आशीष, अपर जिलाधिकारी केएस टोलिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत हिमांशु खुराना, उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह, रजा अब्बास, गोपाल राम बिनवाल, गौरव चटवाल, मुख्य कोषाधिकारी गुलफाम अहमद, तहसीलदार खुशबू आर्या, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोहर लाल, दीप भट्ट सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण करते व अधिकारियों की बैठक लेते कुमाऊं आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट। उत्तरांचल दीप

बैठक
- सर्वोच्च न्यायालय व हाईकोर्ट के केसों का निपटारा समय पर करें उपजिलाधिकारी
- गांवों का अधिक से अधिक भ्रमण करें अधिकारी
- तहसील दिवस पर प्राप्त शिकायतों का करें समय पर निस्तारण

स्माइल टीम को मिली एक और सफलता

परिजनों के सुपुर्द नन्ही बच्ची सीता व लापता कमल कांडपाल।

अल्मोड़ा। पुलिस की स्माइल टीम ने गुमशुदा हुए दो नाबालिगों का पता लगातार उनके परिजनों को सौंपने में सफलता हासिल की है। पहली घटना में कमल कांडपाल (17 वर्ष) पुत्र दिनेश कांडपाल निवासी जौहरी बाजार अल्मोड़ा रात्रि 8 बजे बिना बताये घर से कहीं चला गया था। परिजनों द्वारा उसके गायब होने के संबंध में कोतवाली अल्मोड़ा को सूचना दी गयी।

जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए नाबालिग कमल काण्डपाल को खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किये जाने में सफलता मिली। इसी क्रम में आपरेशन स्माइल टीम को सीता पासवान (5 वर्ष) पुत्री विश्वनाथ पासवान, निवासी खत्याड़ी सब्जी मण्डी अल्मोड़ा के पास रोती हुई लावारिस हालत में घूमती हुई मिली, जिसके संबंध में उक्त टीम द्वारा पूछताछ कर बालिका सीता पासवान को उसके पिता के सुपुर्द किया गया। बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह आधार कार्ड बनवाने चौघानपाटा आये थे, तभी बच्ची बिछुड़ गयी।

सातवें वेतन आयोग के अनुसार करें भत्तों की घोषणा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन अल्मोड़ा की चिंतन सभागार में हुई बैठक में सातवें वेतन आयोग के अनुसार भत्तों की घोषणा करने की मांग की गयी।

बैठक में विभिन्न विभागों के मिनिस्ट्रीयल कैडर के वर्तमान वेतनमान व ढांचे तथा वेतन विसंगति के संबंध में चर्चा की गई। वक्ताओं द्वारा पुराने वेतनमान में ग्रेड पे के सापेक्ष न्यूनतम वेतन देने की मांग की। कहा कि जब सीधी भर्ती में न्यूनतम वेतन दिया गया है तो पदोन्नति में भी न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए। सूचना अधिकार के तहत भी पदों के सृजन की मांग की गई। वक्ताओं ने शासन द्वारा सातवें वेतन आयोग के अनुसार भत्तों (एचडीए व एचआए) की घोषणा नहीं किये जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। पदाधिकारियों द्वारा नियुक्ति के पश्चात विभागीय प्रशिक्षण शुरू नहीं होने पर भी रोष प्रकट किया गया। कहा कि किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

बैठक की अध्यक्षता चंदन सिंह नैनवाल ने की। संचालन जिला मंत्री पुष्कर सिंह भैंसोड़ा ने किया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक ने प्रांत स्तर की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पीएस बोरा, जीवन चंद्र तिवारी, श्याम सिंह रावत, रजनीश पंत, मोहन चंद्र जोशी, कमल बिष्ट, हेमंत जोशी, योगेंद्र सिंह बिष्ट, मुकेश चंद्र जोशी, गोविंद सिंह मेहता, राजेश डालाकोटी, अर्जुन सिंह नेगी, राजेंद्र वर्मा, बलवंत तड़ागी, गौरव बिष्ट, सुरेश चंद्र जोशी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, सत्येंद्र भोज, जगदीश सिंह, कुंदन रावत, मुकेश मुस्यूनी, खीम सिंह बिष्ट, ध्यान सिंह, सुंदर सिंह बिष्ट, त्रिन्ना पंत, दया वर्मा, लोकेश तिवारी, महेंद्र वर्मा, गंगा मेहता, मनोज कुमार, रमेश चंद्र पांडे, अवनीश पडियार, लोनिवि के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र मणी भट्ट आदि मौजूद थे।

बैठक
- सूचना अधिकार के तहत भी पदों के सृजन की मांग

धोखाधड़ी के बाद फरार अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। विभिन्न नागरिकों से फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी कर 65 लाख रुपये हड़पने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने नैनीताल से धर दबोचा है। अभियुक्त कैलाश चंद्र निवासी बागेश्वर के विरुद्ध कोतवाली अल्मोड़ा में जालसाजी से संबंधित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने का अभियोग पंजीकृत कराया था।

फर्जी दस्तावेजों के जरिए आधा दर्जन से अधिक लोगों के पैसठ लाख रुपये लेकर फुर्र हुए बागेश्वर के लखनी ग्राम सिलंगवाड़ी निवासी अभियुक्त कैलाश चंद्र तिवारी पुत्र गणेश चंद्र तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अभियुक्त के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाकर, बेईमानी की नीयत से धोखाधड़ी करके रुपया हड़पने के संबंध में अल्मोड़ा कोतवाली में नितिन कुमार पुत्र दिवान प्रसाद निवासी, पूर्वी पोखरखाली के अलावा रवि सचदेवा, बलवंत सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह, कमल बिष्ट, गोपाल तिवारी निवासीगण अल्मोड़ा द्वारा धारा 406, 420, 467, 478, 471 आई.पी.सी. का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियोग पंजीकृत होने से पूर्व आरोपी ने अपने को बचाने के लिए परिजनों से थाना मुखानी हल्द्वानी में अपनी गुमशुदगी दर्ज कराई।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा कमल राम आर्य (पुलिस उपाधीक्षक अल्मोड़ा) के पर्यवेक्षण में चंद्र मोहन सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा, निरीक्षक हरेंद्र चौधरी एसओजी प्रभारी अल्मोड़ा, उनि धीरेन्द्र पंत चौकी प्रभारी एनटीडी की एक संयुक्त टीम गठित की गयी।

उक्त टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये, किंतु आरोपी लगातार पुलिस से बचने के लिए अपना स्थान बदलता रहा। गत दिवस आरोपी कैलाश चंद्र तिवारी को अल्मोड़ा पुलिस को जनपद नैनीताल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

गिरफ्तार शातिर ठग। उत्तरांचल दीप

सफलता
- 65 लाख की ठगी करने का था आरोप

वालीबाल में बीएड व बीए की टीम ने जीते मैच

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। खेल विभाग के अंतर्गत आयोजित अंतर महाविद्यालयीय वालीबाल प्रतियोगिता में पहला मुकाबला बीएड व दूसरा मुकाबला बीए की टीम ने जीता। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में एनबी हॉस्टल ने शिक्षा संकाय को 34-32 से पराजित किया। वालीबाल का पहला मुकाबला एलएलबी व बीएड के मध्य खेला गया जिसमें बीएड ने 2-0, 25-15 व 25-16 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में बीएससी ने हॉस्टल को 25-20 व 25-13 से हराया। तीसरा मैच बीए व बीकॉम के मध्य खेला गया जिसमें बीए ने 25-8 व 25-10 से जीत दर्ज की। अंतिम और चौथा मुकाबला बीएससी और एमए के मध्य खेला गया जिसमें बीए की टीम ने 25-19 व 25-13 से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता के आयोजक मोहित सहदेव ने बताया कि वालीबाल का फाइनल मुकाबला बीए व योग विभाग की टीम के मध्य खेला जाएगा। इन मुकाबलों के निर्णायकों में मोहित सहदेव, गीता बिष्ट, मनीषा विश्वकर्मा, प्रभा नेगी आदि थे। इधर अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता में पहला मुकाबला शिक्षा संकाय और एनबी हॉस्टल के मध्य खेला गया जिसमें एनबी हॉस्टल ने शिक्षा संकाय को 34-32 से पराजित किया। वहीं दूसरा मुकाबला एमए और बीकॉम के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में एमए ने बी-कॉम की टीम को 38-28 से हराया। कबड्डी के निर्णायकों में प्रदीप जोशी, गीतांजली, किरन, अनामिका आदि थे।

अभिभावक संघ करेगा 20 को गरुड़ाबांज में तालाबंदी

ऐलान
- राइंका बाराकूना के प्रधानाचार्य को मूल विद्यालय भेजने की मांग

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। राजकीय इंटर कालेज बाराकूना के प्रधानाचार्य को खंड शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए मूल विद्यालय भेजने की मांग को लेकर अभिभावक शिक्षक संगठन ने 20 फरवरी को खंड शिक्षा मुख्यालय गरुड़ाबांज में तालाबंदी का ऐलान किया है।

संगठन की ओर से मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भी गत एक फरवरी को राइंका बाराकूना अल्मोड़ा के प्रधानाचार्य माधो सिंह बिष्ट को खंड शिक्षा अधिकारी व उप खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यभार से मुक्त करते हुए उनके मूल विद्यालय भेजा जाये। जिस पर शिक्षा विभाग ने कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके बाद गत 12 फरवरी को भी एक ज्ञापन दिया गया था जिसमें माधो सिंह बिष्ट को मूल विद्यालय नहीं भेजे जाने पर 15 फरवरी को तालाबंदी का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद बच्चों की वार्षिक परीक्षा को देखते हुए समस्त अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों ने अपना निर्णय वापस ले लिया था। युवा मोर्चा मंडल महामंत्री चंद्रशेखर भट्ट ने कहा कि अब यदि शीघ्र प्रधानाचार्य को मूल विद्यालय नहीं भेजा गया तो समस्त अभिभावक 20 फरवरी को खंड शिक्षा मुख्यालय गरुड़ाबाज में तालाबंदी करेंगे जिसका शिक्षा विभाग होगा।

ज्ञापन में चंद्रशेखर भट्ट, गौरी शेकर, पूरन चंद्र, कौस्तुबा नंद जोशी, अजय कुमार, विरेंद्र सिंह, मोहित कुमार, मीना बिष्ट, हेमा गैड़ा, मोहन राम, सुनील कुमार, गीता पाण्डेय आदि के हस्ताक्षर हैं।

समुदाय का विकास युवाओं पर निर्भर

कार्यक्रम
- एनवाईके का युवा नेतृत्व व विकास प्रशिक्षण शिविर शुरु

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। नेहरू युवा केंद्र अल्मोड़ा के तत्वावधान में प्रसार प्रशिक्षण केंद्र हवालबाग में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण संस्थान के आचार्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समुदाय का विकास युवाओं पर निर्भर है। नेतृत्व की भावना यदि युवाओं के हाथ में दी जाये तो समुदाय का विकास संभव है।

कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पंकज कांडपाल ने विभागीय जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कार्यालय के वरिष्ठ लेखाकार धर्म सिंह रावत ने युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय की योजनाओं की जानकारी दी। विभू कृष्णा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि हमारा देश वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को मानते हुए महिलाओं का सम्मान करता है। प्रशिक्षण में उजाला जन कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह वाणी, नेहा, नीता नेगी, भवना, शुभम, विक्रम बिष्ट, हेमा आर्य, सुनील तिवारी आदि मौजूद थे।

एनवाईके का प्रशिक्षण शिविर। उत्तरांचल दीप

(ISO 9001-2008 CERTIFIED)
साहस होम्यो क्लीनिक
ऐलोपेसिया
सिर के बाल नष्ट होना धीरे-धीरे बाल झड़ना बालों की जड़ में घेरा बनना
टॉन्सिल-
बुखार आना,गले में खरांश आवाज में भारीपन,गले में चुभन गले में गांठ व सूजन होना
किडनी की पथरी :-
4 एमएम से 8 एमएम तक की पथरी का इलाज
प्रोस्टेट :-बार-बार
मूत्र त्याग की इच्छा मूत्र विसर्जन में कठिनाई यूरिन में जलन व दर्द होना
पाईल्स :-गुदा
द्वार के अंतिम भाग की शिराओं का बढ़ जाना, सूजन आना
डॉ.एन.सी.पाण्डे
बी.एच.एम.एस.
वरिष्ठ होम्योपैथी फिजीशियन
■ त्वचा पर दाने निकलना
■ लाल,गुलाबी रंग की दमकदार पपड़ी बनना
■ त्वचा में सूजन,खुजलाने पर खून के खत्ते पढ़ना
■ प्रभावित हिस्से से बदबू आना
शनिवार अवकाश
सोरायसिस
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर
जर्मन तथा सभी प्रकार की होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी मो. 9456727473,9927067771
सेहत से समझौता न करें, सर्वश्रेष्ठ होम्यो चिकित्सा ही लें

HEALTH CARE PHYSIOTHERAPY SLIMMING & FITNESS CENTRE
DR. ANKITA CHANDNA (Sr. Physiotherapist) M.P.T.(Ortho) M.I.A.P., Delhi
Ex-Con, Base Hospital, Almora
* Steam Bath *GYM *Yoga *Home Visit Facility *Aerobics
*Diet chart *Inchloss+Body Shaping*Tummy Tuck+
Fatloss*Breast Uplifting/Reduction of Scars *Laser Therapy
जोड़ों, कमर व गर्दन का दर्द, बच्चों में शारीरिक व मानसिक दुर्बलता,लकवा, कंधा जाम, गठिया, माइग्रेन, एड़ी में दर्द, सिर दर्द, मोच, हाथों-पैरों में सुन्नपन झनझनाहट आदि
पाण्डे निवास गली, भोटिया मार्केट के सामने, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
9756465781, 9193888935 (Parking Facility)
अन्य जगह इलाज करा चुके निराश रोगी एक बार परामर्श हेतु अवश्य मिलें

सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

आयोजन / प्रतिभागियों को पद्मश्री डॉ. मठपाल के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र वितरित

राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में उमड़ी कलाप्रेमियों की भीड़

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति के तत्वावधान में हुक्का क्लब में चल रही राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में कला प्रेमियों की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष हेमंत जोशी ने प्रतिभागियों को पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किये।

इस प्रदर्शनी में कई उम्दा चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। मिसाल के तौर पर हर्षवर्धन साह के चित्रों में हिमालय में बर्फ के पिघलते स्वरूप से वर्तमान में हो रहे ग्लोबल वार्मिंग को दिखाया गया है। पूनम कांडपाल के चित्र में एक कटते हुए पेड़ को करहाते हुए दिखाया गया है। राजेंद्र प्रसाद का लैंडस्केप प्रकृति के काफी नजदीक है। डॉ. गिरीश चंद्र शर्मा के चित्र छोटे-छोटे कैनवास पर अपनी पूर्ण अभिव्यक्ति देने में सफल रहे। कुसुम पांडे द्वारा कुमाउनी ऐपण के बिम्बों का प्रयोग करते हुए उत्तराखंड की महिलाओं के जीवन और केदारनाथ की त्रासदी का सीजव चित्रण प्रस्तुत किया गया है। कर्नाटक के गौरव देव (नन्हे चित्रकार) के चित्रों में स्वच्छ भारत अभियान व अनेकता में एकता को बड़ी ही परिपक्वता के साथ सजीव प्रस्तुत किया गया है। इसके चित्र को पूर्व में भारत सरकार के 15 रुपये के डाक टिकट में प्रकाशित भी किया गया है। भूषण साह के कंकरीट के जंगल आकर्षण का केंद्र बना है। चंदन लाल के चित्रों में प्रदर्शित कुमाऊं के खेलों की परंपरा का सजीव चित्रण देखने को मिला। इसके अतिरिक्त आरती शर्मा, अपराजिता बिष्ट, अर्चित टंडन, बीना तिवारी, भूपेंद्र बिष्ट, दामोदर मडगांवकर, दीपक कनवाल, कंचन, महेश, मनीष जोशी, पूजा रावत, पूनम बिष्ट, प्रकाश पपने, रश्मि सारथी, सुनील सिरोडकर, श्वेता साह, स्व. अमरनाथ साह के चित्रों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर कलाक्षेत्र से जुड़े छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हेमंत जोशी व कृतियों को निहारते कलाप्रेमी। उत्तरांचल दीप